# पत्नी की आय को पति की आय में नहीं जोड़ सकते

## आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

**जबलपुर, 31 जनवरी. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक कुमार सिंह तथा जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि आय से अधिक मामले में जांच एजेंसी पत्नी की व्यक्तिगत आय को सरकारी विभाग में पदस्थ पति की आय में जोड़कर असेसमेंट नहीं कर सकती है.**



युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ अभियुक्त की स्वीकृति के आदेश तथा आगे की कार्यवाही को निरस्त कर दिया है. अधिवक्ता मीनाक्षी खरे तथा उसके पति आलोक खरे की तरफ से दायर की गयी याचिका में आय से अधिक सम्पति का गलत असेसमेंट करने तथा उनके खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति प्रदान किये जाने के खिलाफ उक्त याचिका दायर की गयी थी. याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता आलोक खरे वर्तमान में आबकारी विभाग में डिप्टी कमिश्नर में पद पर रीवा में पदस्थ है. याचिकाकर्ता मीनाक्षी पेशे से अधिवक्ता है और शादी के पहले से आयकर रिटर्न फाइल कर रही है. साल 2018 में लोकायुक्त ने आलोक खरे के घर तथा कार्यालय में दबिश दी थी. लोकायुक्त ने जांच में 4 सितम्बर 1998 से 15 अक्टूबर 2019 तक पिटीशनर की संपत्ति और खर्च से जुड़ा डेटा इकट्ठा किया था. लोकायुक्त के अनुसार याचिकाकर्ताओं के पास वैध आय स्त्रोत से लगभग 88.20 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली थी. लोकायुक्त ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था और सरकार की तरफ से अभियोजन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है. याचिका में कहा गया था कि लोकायुक्त के अनुसार याचिकाकर्ताओं के पास से 10 करोड 71 लाख रुपये की संपत्ति मिली थी. जबकि उनकी वैध आय 5 करोड़ 69 लाख रुपये थी.

### कोर्ट ने हुक्का बार को लेकर स्पष्ट की नीति

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि हुक्के में किसी भी तरह की प्रतिबंधित सामग्री या तंबाकू का उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो जिला प्रशासन उसके संचालन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर सकता। मामला जबलपुर की एक निजी होटल की ओर से दायर याचिका से संबंधित था। होटल प्रबंधन ने हर्बल और फ्लेवर्ड हुक्का चलाने की अनुमति के लिए कोर्ट की शरण ली थी.

### अवैध पिस्टल रखने पर कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकिशोर बारपेटे की अदालत ने अवैध पिस्टल रखने के आरोपी जबलपुर निवासी तुषार पटेल को दोषी पाया है। आरोपी को तीन माह की सजा व तीन हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि 31 दिसंबर 2021 को विक्की पटेल मोहल्ले में घूम रहा था। तभी तुषार पटेल पिस्टल निकालकर उसके उपर फायर किया था.

# एसटीएफ ने दबोचे हथियार तस्कर

▶ तस्करों के कब्जे से 3 पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त



**ग्वालियर/शिवपुरी, 31 जनवरी. स्पेशल टॉस्क फोर्स की ग्वालियर यूनिट ने शिवपुरी से 12 बदमाशों को दबोचा है. इनके पास से 3 पिस्टल और 4 कारतूस कब्जे से जब्त किये है.**

एसटीएफ अधिकारियों को खबर मिली थी कि शिवपुरी के रास्ते ग्वालियर में अवैध हथियारों की खरीद -फरोख्त होने वाली है. खबर मिलने के बाद एसटीएफ की टीम ने शिवपुरी से ग्वालियर तक हथियार तस्करों पर नजर रखी रही थी. रात में शिवपुरी में कार्यवाही करते हुए 2 हथियार तस्करों को पकड़ा है. बरामद हथियारों के संबंध में दोनों से पूछताछ की जा रही है. ग्वालियर एसटीएफ यूनिट को जानकारी मिली थी कि अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप शिवपुरी के रास्ते सप्लाई की जाने वाली है. खबर की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ ने तुरंत जाल बिछाया. एसटीएफ की 2 अलग-अलग टीमों ने शिवपुरी जिले के ग्राम थनरा में दबिश दी. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने राज पुत्र जाहर सिंह परिहार, निवासी ग्राम थनरा, थाना दिनारा, जिला शिवपुरी और अवनीश पुत्र सुरेश शर्मा, निवासी ग्राम उदगवां, जिला दतिया को गिरफ्तार किया. तलाशी लेने पर दोनों के पास से 32 बोर की 3 पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए, शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त थे और ग्वालियर-चंबल संभाग के अलग-अलग जिलों में हथियारों की सप्लाई करते थे.

### नवोदय विद्यालय आलोट में आदि शाश्वत प्रियाजी मसा का आगमन

**आलोट।** नागेश्वर विहार करते समय अपने शिष्यों के जैन संत शाश्वत प्रियाजी मसा का मुनि मंडल के साथ पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट में आगमन हुआ। विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं विद्यालय परिवार द्वारा शाश्वत प्रियाजी मसा की अगुवाई की। मसा ने विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति,विद्या को प्राप्त करते हुए माता पिता एवं गुरुजनों के प्रति विनयशील रहना,माता पिता की आज्ञा पर चलना साथ ही संयम,त्याग की भावना के साथ समर्पण रहते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का मंत्र दिया। मसा ने विद्यार्थियों को माता, पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद किस प्रकार प्राप्त करना इसका बोध कराया।

# सोने के लालच में गंवाए 17 लाख

युवक ने खुद को बताया था थाईलैंड का कारोबारी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर. इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर एक विवाहिता महिला से करीब 17 लाख रुपये की ठगी कर ली गई. युवक ने खुद को रोहित ठाकुर बताकर थाईलैंड में इलेक्ट्रॉनिक्स और कार शोरूम का कारोबारी बताया.**

उसने महिला को यह भी कहा कि थाईलैंड में सोना सस्ता है और भारत आते समय वह सोना लेकर आएगा. सोने के बढ़ते दामों के कारण महिला उसके झांसे में आ गई. ठगी गई महिला छाया मुरार थाना क्षेत्र के हाथीखाना रोड चौराहा की रहने वाली है. छाया ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए किसी रोहित सिंह ठाकुर से हुई थी. उसके बाद यह पूरी घटना हुई. 8 दिसंबर 2025 को महिला को एक कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताते हुए कहा कि रोहित ठाकुर को मुंबई एयरपोर्ट पर सोना लाते समय पकड़ लिया गया है. उसे छुड़ाने के नाम पर अलग-अलग बहाने बनाकर महिला से पैसे मांगे गए. महिला ने क्यूआर कोड के जरिए रकम ट्रांसफर की. इस तरह आरोपी ने महिला से कुल 16.92 लाख रुपए वसूल लिए. महिला ने यह राशि अपने और सास के गहने गिरवी रखकर जुटाई थी.

### पुलिस कॉन्स्टेबल तीन दिन से लापता, जिले भर की पुलिस अलर्ट

**श्योपुर.** श्योपुर में कराहल थाने के हेड कॉन्स्टेबल विजय जादौन तीन दिन से लापता हैं. वे ड्यूटी के लिए निकले, लेकिन थाने नहीं पहुंचे. सहकर्मियों ने कॉल किया तो मोबाइल फोन बंद आया. पुलिस उनकी तलाश में लगी है. विजय की मां राजेश्वरी जादौन ने थाना प्रभारी यासमीन खान पर बेटे को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि टीआई की वजह से उनका बेटा परेशान था और इसी कारण से वह लापता हुआ होगा. पुलिस के मुताबिक लापता विजय जादौन की बुलेट शाम को कराहल टोल प्लाजा के आगे सड़क किनारे मिली.

# इंदौर-मुंबई रूट पर तेजस ट्रेन के फेरे एक माह और बढ़े

## अब 28 फरवरी तक संचालित की जाएगी यह ट्रेन, यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते रेलवे का फैसला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर-मुंबई रेल रूट पर लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने तेजस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे एक माह के लिए और बढ़ा दिए हैं. अब यह ट्रेन 28 फरवरी तक संचालित की जाएगी. रेलवे के इस फैसले से दोनों शहरों के बीच सफर करने वाले यात्रियों को कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है.

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि मुंबई सेंट्रल से इंदौर के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस सुपरफास्ट स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा पहले शनिवार 30




जनवरी तक निर्धारित था, मगर अब इसे 27 फरवरी 2026 तक मुंबई सेंट्रल से प्रति सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलाया जाएगा. उनका कहना है कि इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली अवंतिका एक्सप्रेस में लगातार वेटिंग की स्थिति बनी रहती है. इसी कारण तेजस ट्रेन को भी यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. हालांकि तेजस का किराया अपेक्षाकृत अधिक है और समय भी पूरी तरह अनुकूल नहीं माना जा रहा, इसके बावजूद यात्री इसमें सफर करना पसंद कर रहे हैं.

**रूट, कोच संरचना, दिन और ठहराव यथावत-** वर्तमान में इस रूट पर यात्रियों का दबाव इतना अधिक है कि कई बार बसों में भी सीट मिलना मुश्किल हो जाता है. इसी तरह ट्रेन संख्या 09086 इंदौर-मुंबई सेंट्रल तेजस सुपरफास्ट स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 31 जनवरी यानि शनिवार तक तय था, उसे 28 फरवरी तक इंदौर से प्रति मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलाया जाएगा. यह ट्रेन पहले से तय मार्ग, कोच संरचना, दिन और ठहराव के अनुसार ही संचालित होगी. इनमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया है. रेलवे ने इसके लिए बुकिंग भी शुरू कर दी है.

### तीन श्रेणियों में निर्धारित है किराया

तेजस ट्रेन में यात्रियों के लिए तीन श्रेणियों में किराया निर्धारित है. एसी थ्री-टियर का किराया 1,805 रुपये है, जिसमें बेस फेयर, रिजर्वेशन चार्ज, सुपरफास्ट चार्ज और जीएसटी शामिल है. एसी टू-टियर श्रेणी में किराया 2,430 रुपये तय किया गया है, जबकि एसी फर्स्ट क्लास का किराया 3,800 रुपये है.

### एक नजर में

### एग्रीमेंट नहीं बनाने पर अधिवक्ता को धमकाया

**जबलपुर, 31 जनवरी.** एग्रीमेंट नहीं बनने पर भड़के बिल्डर ने गढ़ा थाना अंतर्गत छोटे जैन मंदिर के सामने रहने वाले अधिवक्ता को धमकाया? बल्कि अभद्रता कर दी. आक्रोशित वकीलों ने देर रात थाना घेर लिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस ने बताया कि तुलसीराम पटेल पिता हल्के प्रसाद पटेल निवासी छोटे जैन मंदिर के सामने, गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह अधिवक्ता है?. 8-10 साल से प्राप्टी डीलर शैलेन्द ठाकुर के प्रापर्टी संबंधित काम एग्रीमेंट एवं रजिस्ट्री करता था. 4-5 दिन पूर्व शैलेन्द्र ठाकुर द्वारा रेगवां की संपत्ति से संबंधित जमीनी दस्तावेज का एग्रीमेंट बनाने को दिया था. व्यस्तता के कारण एग्रीमेंट नहीं बना पाया था. शुक्रवार रात 10 बजे शैलेन्द्र ठाकुर का फोन आया और उन्होंने पूछा कि एग्रीमेट बन गया तो मैंने कहा कि नहीं बन सकता है तो उसने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी.

### सांसद ने किया तेंदुलकर मार्ग का निरीक्षण

**ग्वालियर, 31 जनवरी.** लंबे समय से टूटा-फूटा पड़ा सचिन तेंदुलकर मार्ग एक बार फिर से चकाचक होगा. अब स्मार्ट सिटी नहीं बल्कि ढाई किलोमीटर लंबे इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग बनाएगा. जहां ढलान हैं, वहां जल भराव न हो, इसलिए उतने हिस्से में सीसी बनाई जाएएगी. सांसद भारत सिंह कुशवाह ने सचिन तेंदुलकर मार्ग का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी अफसरों को यह निर्देश दिए. सांसद कुशवाह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री देवेंद्र सिंह भदौरया, एस.डी.ओ. एवं उपयंत्री से मार्ग की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें डीपीआर बनाकर शीघ्र टैंडर कराने के निर्देश दिए जिससे जल्द से जल्द यह सड़क फिर से बन सके. स्मार्ट सिटी ने इस रोड की डीपीआर सहीं नहीं बनाई थी, जिसे रद्द कर अब इसे स्मार्ट सिटी की बजाय लोकनिर्माण विभाग से कराने का निर्णय लिया गया है. गौरतलब है कि पिछले दिनों दिशा की बैठक में सांसद कुशवाह स्मार्ट सिटी की डीपीआर को सही नहीं पाया था, जिसके बाद शुक्रवार को उन्होंने पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ कुलपति बंगले से हुरावली चौराहा तक का स्थल निरीक्षण किया गया. इस दौरान कुशवाह ने संबंधित अधिकारियों को मार्ग के समुचित निर्माण की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन ( डीपीआर ) शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए. जिससे अतिशीघ्र सड़क निर्माण के लिए टैंडर हो सकें.

### गेट नंबर 2 के सामने जाम में फंसी एम्बुलेंस

**छिंदवाड़ा, 31 जनवरी.** जिला अस्पताल के गेट नंबर 2 पर जाम लगने के कारण एक एम्बुलेंस फंस गई। तकरीबन पांच मिनट ऑटो फंसी रही सभी वाहनों के निकलने के बाद एम्बुलेंस निकल पाई. ऐसे में मरीज के जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है. सबसे बड़ी बात यह है कि गेट नंबर दो के सामने चौराहे जैसी स्थिति बनी हुई है। अस्पताल से निकलने वाले, वाहन, प्रवेश करने वाले वाहन, सवारी भरने वाले ऑटो के कारण यहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां यदि समय रहते हुए ध्यान नहीं दिया गया तो कभी मरीज की जान पर बन आ सकती है। दरअसल यातायात विभाग रोजना वाहनों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी चालकों का वाहनों के नियमों के प्रति कोई खास बदलाव नजर नहीं आ रहा है। हालात यह है कि अस्त व्यस्त खड़े वाहन जिला अस्पताल के सामने दुकानों में खड़े अस्त व्यस्त वाहन यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे है.



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की मां भवानी की पूजा-अर्चना


**बैतूल, 31 जनवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल विधानसभा के आठनेर नगर मंडल स्थित आस्था धाम में मां भवानी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की.

# आंदोलनकारियों को जारी होगा नोटिस

रेलवे की कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश

**सीधी, 31 जनवरी . जिले के कुसमी विकासखंड के भदौरा में 28 जनवरी 2026 को हुए रेल रोको आंदोलन के बाद अब रेलवे प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों को नोटिस भेजे जाने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी है.**

आंदोलन के दौरान प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने मांगों को पूरा करने और आंदोलनकारियों पर कोई मुकदमा दर्ज न करने का स्पष्ट आश्वासन दिया था. इसके बावजूद लगभग 300 से 400 लोगों की पहचान कर उन्हें शनिवार को नोटिस जारी किए जा रहे हैं. रेलवे



विभाग की ओर से रेल रोको आंदोलन के बाद चुनिंदा आंदोलनकारियों को कानूनी नोटिस भेजे जा रहे हैं. इनमें आनंद सिंह ददुआ, रमेश पनाडिया, राजकुमार कोल सरपंच धुआडोल, राजेश कोल पूर्व सरपंच शंकरपुर, रमेश कोल, श्यामवती सिंह जनपद अध्यक्ष कुसमी, अखिलेश जायसवाल, प्रवीण सिंह, इंद्रपाल शुक्ला और पवन मिश्रा सहित कई अन्य लोग शामिल हैं.

आंदोलनकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई प्रशासन के वादों के विपरीत है. 28 जनवरी को सीधी जिले के भदौरा रेलवे स्टेशन के पास बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे. यह आंदोलन शांतिपूर्ण था, जिसमें क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांगों को उठाया गया. प्रमुख मांगों में इंटरसिटी ट्रेन का भदौरा में ठहराव, भदौरा को विधिवत रेलवे स्टेशन का दर्जा और अन्य यात्री सुविधाओं की मांग शामिल थी. आंदोलन के दौरान कुछ समय के लिए रेल परिचालन बाधित हुआ था, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बातचीत की थी.

### विहिप पदाधिकारियों ने दिए त्यागपत्र, प्रांतीय नेत्रृत्व पर आरोप

**भिंड, 31 जनवरी.** विश्व हिन्दू परिषद के तीन प्रमुख पदाधिकारियों ने प्रांतीय नेतृत्व पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने पदों से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है. त्यागपत्र देने वालों में विहिप के लहार जिला मंत्री सुरेंद्र शुक्ला, जिला सह मंत्री राजीव पाराशर और जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विनीत तिवारी शामिल हैं. इन तीनों नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे की पुष्टि की है. जिला मंत्री सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रांतीय संगठन ने लहार की लगातार अनदेखी की, जिससे सभी पदाधिकारी आहत थे. इसी नाराजगी के चलते उन्होंने पद छोड़ने का निर्णय लिया.

# पंधाना मार्ग पर बस पलटी, 16 घायल

▶ दुर्घटना में पांच यात्रियों की हालत गंभीर

**खंडवा, 31 जनवरी. धुलकोट से शिवाबाबा होते हुए पंधाना आ रही एक निजी यात्री बस शनिवार दोपहर पंधाना थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटाखेड़ी के पास जामनिया गांव समीप अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गई.**



हादसा इतना भीषण था कि बस के पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई. दुर्घटना में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बस से बाहर निकाला. सूचना मिलते ही पुलिस व एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं. सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज हेतु खंडवा मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. अन्य घायलों का उपचार पंधाना अस्पताल में जारी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीकृष्णा बस कंपनी की यह बस जामनिया गांव के पास स्टेयरिंग फेल होने से चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई, जिससे दुर्घटना हुई. हादसे के बाद ग्रामीणों की तत्परता से कई यात्रियों की जान बच सकी.

# अतुल लढ़ा ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे पर्वत पर फहराया तिरंगा

**ग्वालियर, 31 जनवरी. ग्वालियर के निवासी प्रसिद्ध उद्योगपति अतुल लढ़ा ने माउंट अकोंकागुआ ( 6,962 मीटर ) जो दक्षिण अमेरिका का सबसे ऊँचा पर्वत है तथा हिमालयी श्रेणी के बाहर विश्व की सबसे ऊँची चोटी है, का शिखर आरोहण किया है.**



28 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे शिखर पर भारत का तिरंगा लहराकर उन्होंने मध्य प्रदेश एवं पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ग्वालियर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि 59 वर्ष 4 माह की आयु में अतुल लढ़ा माउंट अकोंकागुआ पर शिखर तक पहुँचने वाले सबसे उम्रदराज़ भारतीय बने हैं. साथ ही, उन्होंने सबसे कम समय में इस शिखर को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनने का भी गौरव हासिल किया है. कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने उनकी इस उत्कृष्ट और गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे भविष्य में भी नई-नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर अपने प्रदेश तथा राष्ट्र का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे.

तीसरा दिन ▶ फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को बनाया यादगार

# विंध्य महोत्सव : फिल्मी प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**सीधी 31 जनवरी. विंध्य अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के सीधी में अंतर्राष्ट्रीय आयोजन से बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ा है. विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन फिल्मी प्रस्तुतियों ने समां बांधा. फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बनाया.**



विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से फिल्मी कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत हुई. फेस्टिवल के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की शॉर्ट फिल्मों एवं सिनेमा प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. सिनेप्रेमियों, कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया. कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से आए डायरेक्टर्स एवं मूवी मेकर्स ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सीधी जैसे शहर में इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल होना बड़ी उपलब्धि है.

उन्होंने कहा कि इस मंच से स्थानीय बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे भविष्य में फिल्म, सिनेमा, लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे. इसी क्रम में वक्ता देवयानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मिथोलॉजी पढ़ने से न सिर्फ इतिहास और परंपराओं का ज्ञान मिलता है बल्कि यह नैतिकता, निर्णय-क्षमता और आत्मचिंतन को भी मजबूत करती है.

### कार्बेट टैंक फटने से दुकान में धमाका

**रतलाम।** सैलाना बस स्टैंड मुख्य पोस्ट ऑफिस के सामने न्यू जनरल डीजल इंजीनियरिंग एंड वेल्डिंग वकर्स की वेल्डिंग दुकान हैं। जहां शनिवार दोपहरको वेल्डिंग की जा रही थी। इसी दौरान वेल्डिंग में इस्तेमाल होने वाली एसिटिलीन (कार्बेट) टंकी में विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है कि टंकी करीब 10 फीट तक बाहर रोड पर आ गई। हादसे के समय रोड पर कोई नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर नायब तहसीलदार मनोज चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव व अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस के अनुसार दुकानदार का नाम इमामुद्दीन (80) पिता कमरुद्दीन मंसूरी 80 साल निवासी जवाहर नगर है.

# हत्या के प्रयास के 5 आरोपी गिरफ्तार

▶ फसल विवाद में खूनी हमला, ग्राम बहेरी की वारदात

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 31 जनवरी। थाना गड़वा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेरी में गत दिवस फसल विवाद को लेकर हत्या के प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है.**



पुलिस के अनुसार फरियादी राजकुमार सिंह गुर्जर पिता बांकेलाल सिंह गुर्जर निवासी ग्राम बहेरी चौकी बगदरा थाना गड़वा ने 29 जनवरी को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने बताया कि शासकीय भूमि पर बोई गई सरसों की फसल को लेकर विवाद हुआ, इसी दौरान आरोपी ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे और फसल काटने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने फरियादी की मॉ एवं बहन के साथ अश्लील गालियां दीं, फिर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी. हमले में राजकुमार गुर्जर, मनोज गुर्जर, लालबहादुर गुर्जर, रमेश गुर्जर और पवन गुर्जर घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए चितरंगी अस्पताल भेजा गया, जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर एवं जिला अस्पताल रेफर किया गया.